## खबर संक्षेप

### सीसीएल व समूह से जोड़ने वसूल रहे रिश्वत



**शहडोल।** ग्राम संगठन उमरिया अध्यक्ष व सचिव के अभिलेख संधारण कर्ता के पतियों द्वारा सीसीएल व नए समूह में नाम जोड़ने की एवज में रिश्वत की मांग करते हैं। राशि नहीं दिए जाने पर समूह का कोई कार्य नहीं किया जाता है। इस आशय की कलेक्टर से शिकायत करते हुए महिलाओं ने कहा कि ग्राम उमरिया के समूह चंद्रेह, अम्बे, विश्वा, महामाई, अम्बेडकर, भारतमाता आदि में काफी परेशानियां चल रहीं हैं। कुछ लोगों ने इनकी मु_ियां गर्म की हैं उन लोगों ने बताया कि राम प्रताप साहू रामनिवास बैगा काफी दबाव कायम करते हैं। कहते हैं कि पूरा ब्लाक कार्यालय उनके साथ है। इनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। शिक ायतकर्ताओं में सुनैना साहू, गीता बाई, प्रमिलाबाई, देवकी अहिरवार, गीता अहिरवार आदि कई लोग शामिल थे।

### ऑटोचालक की गुमशुदगी से परिजन परेशान



**शहडोल।** कोटमा तिराहा निवासी तथा आटोचालक बैजनाथ रजक का कहीं पता नहीं चलने से परिजन परेशान है। आटोचालक 22 दिसंबर से लापता है उसने अपनी पत्नी विमला रजक को अस्पताल पहुंचाया था। इसके बाद वह आटो लेकर घर लौटा और आटो खड़ा कर कहीं लापता हो गया है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 24 दिसंबर को सोहागपुर थाने में दर्ज करा दी गई है। बताया गया कि आटो उसने स्वयं खरीदा था वह शहर में आटो चलाता था और एक दिन किसी सवारी से उसका झगड़ा हो गया था। आटो से एक लकी सोनी नाम के आदमी का मोबाइल मिला है। अगर उसका पता लगाया जाए तो कुछ पता चल सकता है। ज्ञातव्य है कि परिवार में किसी से उनका कोई अनबन नहीं है। उनके घर छोड़ने की कोई वजह समझ में नहीं आती है।

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 26 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 53 चालानों में 20,900 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### ट्रेन की टक्कर से हुई तेंदुए की मौत



**शहडोल।** घुनघुटी वन परिक्षेत्र के बीट बिजौरा आर एफ 309 डाउन रेलवे लाइन पर बुधवार की सुबह 5 बजे किसी ट्रेन की टक्कर लगने के कारण एक तेंदुए की मौत हो गई। घटना बिलासपुर से कटनी मार्ग के पुल क्रमांक 934 /28 एवं 934 / 30 के मध्य हुई। घुनघुटी वन परिक्षेत्र रेंजर अर्जुन सिंह बाजवा ने बताया कि तेंदुए के शव का पीएम किए जाने के बाद ज्ञात हुआ कि उसके सिर पर गंभीर चोट लग जाने के कारण उसकी मौत हुई।

**नजूल की भूमि पर खड़ी होगी पक्की इमारत, अमला सो रहा**

# लाखों में बिकी झुग्गी की जमीन, पट्टे का हो गया सौदा

**शहडोल।** भू माफियाओं पर शिकंजा कसने कई वर्षों से सरकारें प्रयासरत हैं लेकिन तस्वीर बदलने का नाम नहीं ले रही है। हालात ज्यों के त्यों बने हुए हैं। इसका कारण यह कि स्थानीय प्रशासन माफियाओं का सरपरस्त बनकर उन्हे जिन्दा किए रखता है। प्रशासन की ढिलाई से माफियाओं का खेल दूर दराज क्षेत्रों में ही नहीं संभाग मुख्यालय में भी सरेआम दिखाई पड़ता है। माफिया के लोग नए नए तरीके ईजाद कर सरकारी जमीने हथिया लेते हैं। शहडोल नगर के वार्ड नंबर 09/12 में एक दबंग परिवार नजूल की भूमि का अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करा रहा है। पहले यहां पर किसी व्यक्ति को झुग्गी झोपड़ी का पट्टा दिया गया था अब वहीं पर पक्की इमारत तानी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इस जमीन की विक्री भी हो गई और मकान भी बनने लगा लेकिन प्रशासन को भनक तक नहीं लगी।

### झुग्गी की जमीन कैसे बिकी

नियमतः झुग्गी झोपड़ी के नाम पर जिस भूमि का पट्टा दिया जाता है वह बेची नहीं जा सकती। उसका स्वरूप नहीं बदला जा सकता, उसका पट्टा भी केवल तभी तक मान्य रहता है जब वहां झुग्गी झोपड़ी का स्वरूप मौजूद रहता है। इस भूमि को पहले किसी के नाम पर पट्टा प्राप्त हुआ था कुछ वर्षों बाद यहां पर किसी सैफ नाम के आदमी ने 30-32 लाख खर्च कर चुपचाप पहले भूमि हथिया ली और फिर उसका स्वरूप बदलते हुए वहां निर्माण कार्य कराने का प्रयास करने लगा। आसपास के लोगों को भनक लगने पर मामला उछाल दिया गया। अभी सारा मामला प्रशासन के साथ अंदर ही पक रहा है जब लेनदेन सेट हो जाएगा तो खुलकर निर्माण शुरू हो जाएगा।

### बिना अनुमति बन रहीं इमारतें

नगर पालिका के अनुसार शासन ने मकान की स्वीकृति लेने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है। इस प्रक्रिया के शुरू होने के बाद से नगर पालिका द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है। इसलिए संबंधित को ऑनलाइन ही फाइल अपलोड कर



स्वीकृति लेना पड़ती है। शहर में बिना अनुमति इमारतें शासन के नियम निर्देशों को ताक में रखकर बनाई जा रही हैं। नगर पालिका बिना अनुमति निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे बिना अनुमति निर्माण को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। ज्यादातर व्यावसायिक और आवासीय भवन ऐसे बन रहे हैं। शंकर टाकीज रोड, जैन वीडियो के सामने सैफ द्वारा बगैर अनुमति के भवन निर्माण को लेकर नगर पालिका के अमले ने काम तो रूकवाया, लेकिन राजस्व विभाग के तहसीलदार एवं आरआई द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### एहतियाती उपाय नहीं

चिंता की बात यह है कि नगरपालिका से अनुमति लिए बिना जो इमारतें बनाई जा रही हैं उनमें एहतियात के उपाय जो कि अत्यंत आवश्यक है की उपेक्षा कर दी जाती है। वाटर हार्वेस्टिंग नहीं कराई जाती है, विकास के इस दौर में जो उपाय जरूरी हैं उनकी अनदेखी कर दी जाती है। जिसके कारण बाद में विपत्तियों का भी सामना करना पड़ता है। कई ऐसे भवन देखने को मिलेंगे, जिनके पास अनुमति नहीं है, स्थिति यह है कि इन बहुमंजिला इमारतों में सुरक्षा के उपाय भी नहीं हैं।

### नपा कर्मी भी मेहरबान

बिना अनुमति बन रहे भवनों पर नगर पलिका भी कोई कार्रवाई नहीं करती। इसमें भी नगरपालिका कर्मियों की भूमिका रहती है। इस कारण भी अधिकांश लोग निर्माण अनुमति के लिए आवेदन देने ही नहीं आते। यदि कुछ को नगर पालिका और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति मिली भी है तो, भवन मालिक नियम कानून को ताक में रखकर अपनी मनमर्जी से निर्माण शुरू कराते हैं। इस पर भी नकेल कसनी जरूरी है। कठिनाई यह है कि नगरपालिका के मोहर्रिर स्वयं ही लोगों को छूट देकर अपनी डौल बैठाते रहते हैं।

इनका कहना है

मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आया है, मैं तत्काल ही हो रहे निर्माण को जाकर देखता हूं।

**राजेश वर्मा**
**आरआई, नजूल**
**सोहागपुर**

# बेलसरा अधीक्षिका को कलेक्टर ने किया निलंबित

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने केतकी सिंह धुर्वे सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय चरगवां एवं अधीक्षिका नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास बेलसरा अपने पदी कर्तव्यों के लापरवाही, स्वेच्छा कारिता, अनुशासनहीनता बरतने पर मप्र सिविल सेवा नियम के तहत निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र जिला उमरिया में नियत किया गया है।

विदित हो कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास बेलसरा विकासखण्ड करकेली के निरीक्षण के दौरान छात्रावास संचालन की व्यवस्थाएं संतोषजनक नही पाई गई। छात्रावास का रख रखाव एवं बच्चों के भोजन इत्यादि की व्यवस्था संतुष्टिकारक नही थी। निरीक्षण के दौरान दर्ज 77 बालिकाओं में से मात्र 12 बालिकाएं छात्रावास मे उपस्थित रहीं। शेष बालिकाएं अपने अभिभावको के साथ घर चले जाना बताया गया। बालिकाओ के छात्रावास मे रहने एवं उनके समुचित देख रेख के संबंध में गंभीर लापरवाही किए जाने की परिस्थितियां परिलक्षित हुई है। बालिका छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने मे लापरवाही के तथ्य सामने आए है । छात्रावास मे निवासरत बालिकाओ व्दारा सामूहिक रूप से उक्ताशय की जानकारी दी गई । राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों व्दारा मौका मुआयना किया जाकर प्रतिवेदित किया गया कि वार्डन 2.30 बजे चली गई। अतिसंवेदनशील परस्थिति मे लगाकर केतकी सिंह धुर्वे अधीक्षिका नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास बेलसरा से संपर्क किए जाने का प्रयास किया गया किंतु उनके व्दारा फोन नहीं उठाया गया और न ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया।

# चौकी प्रभारी से थरति हैं बांधवगढ़ टाइगर क्षेत्र के होटल संचालक

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट एरिया बांधवगढ़ स्थित ताला चौकी के प्रभारी से ताला ही नहीं आसपास के थाना क्षेत्र के बड़े-बड़े सुरमा थरति हैं, ताज होटल के संचालकों से लेकर राजनीतिक सूरमाओं बड़े-बड़े आईएएस, आईपीएस तक अपनी पहुंच बताने वाले चौकी प्रभारी समय-समय पर अपना जलवा और अपनी पहुंच का एहसास भी आम लोगों को कराने से नहीं चूकते। स्थानीय लोगों की माने तो चौकी प्रभारी का यह दवा सिर्फ कोरा ही नहीं है कि एसडीओपी और एसपी तो आते जाते हैं सरकार भी बदल जाती है लेकिन वीरेंद्र सिंह यादव अकेले ऐसे पुलिस अधिकारी और चौकी के प्रभारी है जिनके ऊपर मध्य प्रदेश गृह विभाग के आदेश और वहां के नियम लागू नहीं होते, श्री यादव के दावे खोखले भी नहीं है संभवतः उमरिया जिले या शहडोल पुलिस जोन ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश में बांधवगढ़ स्थित ताला चौकी ही एक ऐसी पुलिस चौकी है जहां पर प्रभारी बीते एक दशक से अपने स्थान पर बने हुए हैं और इस दौरान उन पर तमाम आरोप भी लगे लेकिन उनके राजनीतिक गलियारों से जुड़े तार कहीं ना कहीं उन्हें छत प्रदान कर ही देते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में बाघ दर्शन के करवाने के कारण बीते वर्षों में श्री यादव ने सुर्खियां बटोरी थी।

पर्यटन वर्तमान प्रभारी द्वारा प्रोटोकॉल की व्यवस्था तो प्रोटोकॉल के अंतर्गत कराई जाती है लेकिन देखा जाए तो सामान्य पर्यटक को जहां टिकट नहीं मिलती वहां इनका जलवा मध्य प्रदेश टूरिज्म और बांधवगढ़ रिजर्व फॉरेस्ट एरिया के साथ ही वन विभाग के तमाम आला अधिकारियों को इशारों-इशारों में ही हां कहने पर मजबूर कर देती है जंगल और रिसॉर्ट में चाहे बीते वर्षों में हुए की बात हो या फिर यहां पहुंचने वाले सैलानियों से अभद्र व्यवहार और अन्य तरह के मामले हो सभी को आसानी से निपटाने में माहिर वीरेंद्र सिंह यादव एक बार फिर इस कारण सुर्खियों में है कि बीते 18 सालों के बाद पहली बार भले ही सरकार भारतीय जनता पार्टी की है लेकिन पूरा सिस्टम बदलने की जो कवायत शुरू की गई है उससे यह एहसास होने लगा है कि इस तरह के बरगदों का भी हिलने का समय अब आ गया है हालांकि बीते कुछ वर्षों में दिखावे के लिए वीरेंद्र सिंह का ताला चौकी से बिलासपुर तबादला हुआ था लेकिन वह सिर्फ कागजी कोरम तक ही सीमित था जब उन्हें यहां से स्थानांतरित किया गया था, तब भी ऑफ रिकॉर्ड वीरेंद्र सिंह ताला चौकी का काम देखते थे यह भी दावा किया जाता है कि उमरिया में कोई भी पुलिस अधीक्षक आए इससे वीरेंद्र की सेहत पर फर्क नहीं पड़ता उनका सिक्का बांधवगढ़ क्षेत्र में इस तरह चलता है कि उसे छोटा साबित करना या फिर उसकी चुनौती देना बड़े-बड़े नेताओं और पुलिस अधिकारियों तक के बूते से बाहर है बहरहाल एक बार फिर चर्चाएं बटोर रहे वीरेंद्र सिंह यादव को लेकर 18 सालों बदला सिस्टम क्या रख लेता है यह समय ही बताएगा।

# विश्वविद्यालय में तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन कल

**शहडोल।** मंगु भाई पटेल कुलाधिपति एवं राज्यपाल मध्य प्रदेश के मुख्य आतिथ्य में पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय में तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त समारोह के मुख्यवक्ता विनोद कुमार पूर्व राजदूत भारतीय विदेश सेवा रहेंगे, समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिमाद्री सिंह सांसद शहडोल, जयसिंह मरावी विधायक जैतपुर, श्रीमती मनीषा सिंह विधायक जयसिंहनगर, शरद कोल विधायक ब्यौहारी समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। संपूर्ण समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर रामशंकर करेंगे तथा दीक्षांत की शपथ दिलाएंगे। यह समारोह अपने पूर्ण भव्यता के साथ 29 दिसंबर की प्रातः 10:30 बजे से विश्वविद्यालय के नवलपुर परिसर में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ. आशीष तिवारी, कुलसचिव पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल करेंगे। दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को मेडल एवं उपाधि पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिसके लिए लगभग 100 छात्रों ने अपना पंजीयन कर के उपाधि हेतु आवेदन किया है। विश्वविद्यालय के इन्हीं उपाधि धारकों में से 36 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा तथा महामहीम राज्यापाल द्वारा उपाधि प्रदान की जाएगी, विश्वविद्यालय के पीएचडी धारकों को भी उपाधि से विभूषित किया जाएगा।

उक्त समारोह की संपूर्ण तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है, विश्वविद्यालय द्वारा संपूर्ण व्यवस्था का विभिन्न समितियां के द्वारा संचालन किया जा रहा है, यह विश्वविद्यालय पारंपरिक मूल्यों के समय अनुरूप आधुनिक नवाचारों का समावेश कर वैदिक कर्मकांड से लेकर कला- संगीत, विज्ञान प्रबंधन शारीरिक शिक्षा तथा प्रयोगात्मक शिक्षा से निरंतर लोकप्रियता और उपयोगिता के स्वर्णिम शिखर गढ़ रहा है। नवीन विश्वविद्यालय होने पर भी पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय में 6 वर्ष का स्वल्प काल में जो प्रगति की है, वह ज्ञान-विज्ञान, कला, चिंतन, शारीरिक शिक्षा के साथ अनेक जनोपयोगी प्रयोजनीय पाठ्यक्रमों द्वारा प्रतिभाओं को अध्ययन-अध्यापन और प्रगति के जो अवसर उपलब्ध कराएं हैं, वह निश्चय ही अनुकरणीय है। उक्त समारोह को विश्वविद्यालय एक प्रगति के उत्सव के रूप में मना रहा है और इससे समस्त छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

# आंचल अग्रवाल बनीं नायब तहसीलदार



**शहडोल।** नायब तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल की पत्नी आंचल अग्रवाल का सलेक्शन नायब तहसीलदार के पद पर हो गया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। तहसीलदार कर्तव्य अग्रवाल का पूर्व में जेलर के रूप में सलेक्शन हुआ था, बाद में इनका सलेक्शन नायब तहसीलदार के रूप में भी हो गया था। अब मंगलवार को मप्र लोक सेवा आयोग के घोषित परिणाम में पत्नी आँचल अग्रवाल का नायब तहसीलदार में सलेक्शन हो गया है। कर्तव्य अग्रवाल नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल के बेटे है, बेटे के नायब तहसीलदार बनने के बाद अब बहू के भी सलेक्शन होने से पिता पीयूष अग्रवाल बहुत खुश है। विदित हो कि वर्तमान में आँचल अग्रवाल महिला बाल विकास विभाग शहरी रीवा में सुपरवाइजर के पद में 2018 से पदस्थ है, इनका विवाह फरवरी 2023 में चंदिया तहसीलदार कर्तव्य अग्रवाल से हुआ था। उल्लेखनीय है कि एमपीपीएससी 2019 की परीक्षा का परिणाम 3 साल बाद मंगलवार को घोषित हुआ है। पति-पत्नी दोनों का लक्ष्य कलेक्टर बनने का है और वे सर्विस के साथ-साथ आईएएस की तैयारी में भी जुटे हुए है।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शहडोल।** जिला मुख्यालय के घरौला मोहल्ला वार्ड नंबर-19 में रहने वाली एक युवती ने आत्महत्या कर ली है। वार्ड पार्षद शिल्लू रजक ने अपने साथियों के सहयोग से युवती का पोस्टमार्टम कराया और फिर अंतिम संस्कार किया। जानकारी के मुताबिक युवती लिव इन रिलेशनशिप में थी और इनमें किसी बात को लेकर कहासुनी भी हुई है। इसके बाद युवती ने अपने घर में ही पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में बताया गया कि 25 दिसम्बर को महिला जिस युवक के साथ रहती थी, उसके साथ झगड़ा हुआ था, उसके बाद संभवतः युवती रात को फंदे से लटकी होगी। जब वार्ड पार्षद शिल्लू रजक को किसी माध्यम से बुधवार को इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने मोहल्ले वालों के साथ घर जाकर दरवाजा तोडक़र पुलिस को सूचना दी और पंचनामा तैयार कराने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। उल्लेखनीय है कि युवती के माता-पिता की कोरोना काल में मौत हो चुकी। परिवार में छोटी बहन है, जिसकी शादी एक साल पहले कर दी थी। इस समय वह घर पर अकेले रहती थी बताया जा रहा है कि जिस युवक के साथ वह लिव इन रिलेशनशिप में थी, उसको फोन कर यह बताया था कि वह इस तरह का कदम उठाने जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव को वार्ड पार्षद शिल्लू रजक और नंदी गोसेवा समिति के जोतवानी व अन्य लोगों की मदद से अंतिम संस्कार कराया गया है।

### इनका कहना है...

मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, हम इस मामले की जांच में जुटे हैं। जल्दी ही हम इस मामले की हकीकत तक पहुंच जाएंगे। जिस युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी उससे पूछताछ के बाद ही आग की कार्रवाई होगी।

**राघवेंद्र तिवारी**
**कोतवाली प्रभारी**
**शहडोल**

# राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर एडीजी एवं एसपी ने किया स्थल का निरीक्षण

**शहडोल।** शंभूनाथ विश्वविद्यालय में 29 दिसम्बर को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल मप्र मंगूभाई पटेल का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए 27 दिसम्बर को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी. सागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा शंभूनाथ विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने व्हीआईपी रूट, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग व्यवस्था एवं



जमुई हैलीपैड आदि का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये एवं विश्वविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राम शंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा अंकिता शुल्या, एसडीओपी धनपुरी अभिनव मिश्रा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दुष्कर्मी कोचिंग संचालक को बीस वर्ष का कठोर कारावास

**छतरपुर।** बहला फुसला कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी कोचिंग संचालक के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जिला छतरपुर विक्रम भार्गव के न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन मीडिया सेल एडीपीओ केके गौतम ने जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 25/08/19 को अभियोक्त्री के पिता द्वारा लिखित आवेदन थाना में प्रस्तुत किया कि उसकी पुत्री जो 16 वर्ष की नाबालिग है 11वीं कक्षा की छात्र है जो आरोपी के यहां कोचिंग पडती थी। आरोपी द्वारा बहला फुसला कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया व उस वीडियो के माध्यम से ब्लेकमेल करना चाहा जब वह नहीं मानी तो उसने वह वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया जिससे उसकी पुत्री की बहुत बदनामी हो रही है। विवेचना दौरान जब पीडिता के कथन लिये गये तो उसके द्वारा बताया कि जब में आरोपी के यहां पढने जाती थी तो आरोपी ने करीब 6 माह पहले कोचिंग में ही जबरजस्ती उसके साथ गलत काम किया था तथा किसी को बताने पर उसके भाई को जान से मारने की धमकी देता था इसलिए डर के कारण उसने यह बात घर पर किसी को भी नही बताई थी। अभियुक्त करीब 6 माह से उसके भाई को जान से मारने का भय दिखा कर व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसके साथ गलत काम किया व मोबाईल फोन पर वीडियो कॉलिग कर रहा है। आरोपी ने उसकी बच्ची का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# महिला से मारपीट, एसपी से लगाई गुहार



**शहडोल।** जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम झिरिया टोला में कई लोगों ने मिलकर एक महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया गया। महिला का कुसूर यह था कि वह अपनी पुस्तैनी भूमि पर किसी कारण बोरिंग नहीं कराना चाह रही थी। जबकि कुछ लोग उस जमीन पर बोरिंग करा निजी लाभ लेने की फिराक में थे। इस संबंध में पीड़ति आरती साकेत पति राकेश साकेत ने एसपी से शिकायत कर बताया है कि जिस भूमि पर बोर कराने का प्रयास किया जा रहा था उसका खसरा क्रमांक 156/2/1 रकबा 1.039 हे. एवं 156/2/3 रकबा 0.405 हे. रकबा 1.444 हे. भूमि पर 21 दिसंबर को सुबह एक राय होकर रामदीन, प्रेमदास, रामप्यारे तीनो पिता मोहन व सोनू पिता राम प्यारे ने पहले जमीन पर खोदाई का प्रयास किया जब कड़ाई से मना किया गया तो चारो ने मिलकर टांगी व लाठी से उसके साथ मारपीट की। यही नहीं जब गोहार लगाने पर बीच बचाव करने सुमन साकेत, रुकमिणी, मीराबाई, प्रेमिला से भी मारपीट की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मारपीट में मीरा बाई के नाक की सोने की फुलिया गिर गई थी उसे भी ले गए। पहले जयसिंहनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया गया लेकिन वहां असंज्ञेय अपराध दर्ज कर कार्रवाई समाप्त कर दी गई। इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए।

### डायल 100 सेवा ने बालक को परिजन से मिलाया



**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना अंतर्गत मोड़ पर एक 10 वर्षीय बालक मिला, जो घर का रास्ता भटक गया था। एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा बच्चे को अकेले भटकते हुए देखे जाने पर पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में 27 दिसम्बर को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल अमलाई थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया। बालक से जानकारी लेने पर उसने गाँव का नाम बताया, बालक को एफ.आर.व्ही वाहन से ले जाकर उसके नाना-नानी के यहाँ पहुँचे, जहाँ नाना-नानी द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंच निर्वाचित

**उमरिया।** पंचायतो के उप निर्वाचन वर्ष 2023 उत्तरार्ध्द हेतु पंच पद के लिए हुए निर्वाचन में ग्राम पंचायत सलैया-2 के वार्ड क्रमांक 10 से गीता, ग्राम पंचायत तुम्मी छोट के वार्ड क्रमांक-9 से राम बाई, ग्राम पंचायत भौतरा के वार्ड क्रमांक-17 से सुभद्रा तथा ग्राम पंचायत मेढ़की के वार्ड क्रमांक-5 से नीरज बैगा पंच निर्वाचित हुए है ।

### कलेक्टर ने मुकेश एवं राहुल को किया निष्कासित

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुध्देश कुमार वैद्य ने राहुल बैगा पिता बृज़मोहन बैगा उम्र 25 साल निवासी मुण्डीखोली थाना नौरोजाबाद तथा मुकेश गुप्ता पिता प्रभुदयाल गुप्ता उम्र 47 साल निवासी वार्ड नंबर-6 थाना चंदिया को मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के अंतर्गत जिला उमरिया सहित समीपी राजस्व जिला शहडोल, अनूपपुर, सतना, जबलपुर, कटनी एवं डिण्डौरी की चतुर्दिग राजस्व सीमाओ से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया है। अनावेदक आदेश दिनांक से 24 घंटे के भीतर विनिर्दिष्ट जिलो की सीमा से बाहर जाकर अपने आचरण मे सुधार करेंगे। आदेश प्रभावशील रहने तक बिना अनुमति के उक्त सीमाओ में प्रवेश नहीं करेंगे । उसके विरूध्द चल रहे न्यायलयीन मामलों की पेशी की तिथियो पर थाना प्रभारियों को लिखित सूचना देने की उपस्थिति में छूट रहेगी। पेशी के तुरंत बाद अनावेदक इस आदेश का पालन करेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आज

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देष कुमार वैद्य ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करनें तथा पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय चंदिया के बिरसा मुण्डा चौक वार्ड नंबर-8 में दोपहर 1:30 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है ।

### जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य



**उमरिया।** जिले के समस्त मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र जिले के सभी ग्राम पंचायत में पहुंचकर ग्रामीण जनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी से अवगत करा रहे है। इसी क्रम में विकासखंड पाली के जन सेवा मित्र हिमांशु तिवारी के द्वारा ग्राम पंचायत मुदरिया, सुंदर दादर, मालियागुड़ा, गौरैया व आदि पंचायत में पहुंचकर घर-घर जाकर ग्रामीण वासियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर की जानकारी प्रदान कर शिविर में पहुंचकर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाने जागरूक किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को बताते हुए कहा कि विकसित भारत यात्रा का उद्देश्य आम लोगों तक पहुंच, जागरूकता बढ़ाना और उन्हें पीएम उज्जवला योजना और आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं तथा आधार सेवा केन्द्रोंऔ के लाभ प्रदान करना है।

### जैतहरी जनपद में 221 दिव्यांगों का परीक्षण

**जैतहरी।** जनपद पंचायत जैतहरी के प्रांगण में प्रातः 10:30 बजे से दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया शिविर में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान की शिविर में कुल 221 दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया जिसमें से 28 दिव्यांग जनों का चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाया गया एवं आठ दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड साइकिल के लिए पात्र पाया गया शिविर में जिला पंचायत जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह के साथ अन्य जनपद सदस्यों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र मणि मिश्रा मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह आदि संबंधित जन उपस्थित रहे।

---

**स्टीमेट से हटकर हुआ पत्थरों का उपयोग, जांच की मांग**

# अमृत सरोवर के लिए ग्रहण बने पंचायत के जिम्मेदार



ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिवों को विकास के नाम पर कई बार शासन-प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, लेकिन विकास के नाम पर हवा-हवाई ने आज जिम्मेदारों द्वारा कराए गए विकास कार्यों की पोल खोल दी है। गिंजरी पंचायत में विकास के नाम पर सरकारी धन को किस तरह से लूटा जा रहा है, यह तस्वीरों में साफ-साफ देखा जा सकता है। विकास कार्यों में जो अनियमितताएं सामने आई है, उसमें जमकर स्पष्ट देखा जा सकता है कि भ्रष्टाचार किया गया है।



**उमरिया।** बारिश के अमृत रूपी पानी को सहेजने के लिए जिले में बड़े स्तर पर सरोवर बनाए गये हैं। शासन स्तर पर सरोवरों के निर्माण के लिए पानी की तरह शासकीय राशि बहाई गई, जिससे जल संरक्षण की दिशा में ये सरोवर बड़ी भूमिका निभाऐ। इससे गिरते भूजलस्तर को बचाए रखने में भी बड़ी मदद मिलेगी। शासन द्वारा प्रधानमंत्री के आव्हान पर जल संरक्षण के कार्यों के लिए अमृत सरोवर योजना शुरू की गई थी। इसी योजना के तहत जिले की जनपदों में करोड़ों रुपये की लागत से अमृत सरोवर तैयार किया गया, अमृत सरोवरों की गहराई दस हजार घन मीटर रखना अनिवार्य किया गया है। इन अमृत सरोवरों में तालाब, चेकडैम, डेमनाला, सीटीआर नाला आदि संरचनाएं शामिल गई, लेकिन बिरसिंहपुर पाली जनपद की ग्राम पंचायत गिंजरी में जिम्मेदारों ने शासन की मंशा पर पानी फेर दिया, लेकिन जनपद सहित जिले में बैठे जिम्मेदारों के जानकारी संज्ञान में आने बावजूद जांच की जहमत नहीं उठा पा रहे है।

#### उपयंत्री के इशारे पर हुआ खेल



जल संरक्षण के लिए चलाई जा रही सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना विभागीय उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है, पंचायती राज विभाग के अंतर्गत लाखों की लागत से एक ऐसा सरोवर तैयार किया गया है, जिसमें इस सीजन में हुई भारी बारिश के बाद भी एक बूंद पानी नहीं टिकेगा। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि आम जनता के लिए लाखों रूपए को पानी की तरह बर्बाद कर दिया गया है और अगर बर्बाद नहीं किया गया है, उपयंत्री के इशारों पर उक्त निर्माण स्थल के आस-पास के पत्थरों का उपयोग कर पिचिंग में धांधली की गई है। जबकि प्रावधान में पत्थरों की साइज लम्बाई व चौड़ाई के अनुरूप 15 सेंमी तथा 22.5 सेमी पत्थर का साफतौर का उल्लेख है। साथ ही पानी का स्तर मापदण्ड के अनुसार उक्त निर्माण में कभी नहीं रहेगा, क्योंकि निर्माण के दौरान जो वेस्ट वेयर का निर्माण किया गया है, वह भी तकनीकि मापदण्डों के अनुसार नहीं है।

#### तकनीकी जानकारों का नहीं ध्यान

ग्राम पंचायत गिंजरी में एनएच 78 के पास भू-जल स्तर बढ़ाने की मंशा से अमृत सरोवर का निर्माण किया गया, लेकिन उक्त निर्माण कार्य जिम्मेदारों की लालच के फेर में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है, स्टीमेट के अनुसार पिचिंग में लगने वाले पत्थर सरोवर के आस-पास से निकले पत्थर का उपयोग कर लिया गया है, मजे की बात तो यह है कि निर्माण स्थल के पास मौजूद पत्थरों को मजदूरों के माध्यम से तुड़वा कर स्टीमेट के विपरीत काम किया गया, लेकिन उपयंत्री सहित जनपद से लेकर जिले में बैठे तकनीकी जानकारों ने इस मामले से सचिव-सरपंच का साथ दिया, निर्माण के दौरान अगर उपयंत्री ने देखा नहीं तो, आखिर बगैर तकनीकि जानकार के कैसे पत्थरों का उपयोग हुआ है।

#### भ्रष्टाचार को दिया प्रश्रय

ग्राम पंचायत गिंजरी के ग्राम बरबसपुर में बीते माहों में 14 लाख 99 हजार रुपए की लागत से अमृत सरोवर तालाब निर्माण किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जमकर धांधली की है, उक्त तालाब निर्माण में मजदूरों की जगह मशीनों से काम लिया गया, सरपंच-सचिव ने अमृत सरोवर के आस-पास से निकले पत्थर को तालाब के मेढ़ बंधान में लगाया, जिसकी राशि में भी बंदरबांट की गई, लाखों रुपए की लागत से निर्मित हुए इस तालाब के वेस्ट वेयर निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान न रखने से वह अंतिम सांस ले रहा है। वेस्ट वेयर की वॉल टूट चुकी है और फर्श भी अपने भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि उपयंत्री, एसडीओ सहित जनपद के मुखिया ने इस पूरे भ्रष्टाचार को प्रश्रय दिया हुआ है।

#### इनका कहना है...

संबंधित विभाग से अमृत सरोवर की जांच करवाकर निर्माण में गलती पाये जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

**बुद्धेश कुमार वैद्य**
**कलेक्टर, उमरिया**

---

## पात्र परिवारों को पांच वर्षो के लिए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कराएं : कलेक्टर

**उमरिया।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्तां संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के अनुसार भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत शामिल पात्र परिवारों को 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2028 पांच वर्षो के लिए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कराये जाने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि अन्त्योदय परिवार को 35 किलोग्राम प्रति परिवार, प्राथमिकता परिवार को 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में संचालित प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकानों एवं मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना अन्तर्गत विकास खण्ड पाली में संचालित वाहनों पर पात्र परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के संबंध में बैनर उचित मूल्य दुकान संचालन करने वाली समिति के प्रबंधक-विक्रेता द्वारा तत्काल लगवाये जाये। पात्र परिवारों के बायोमेट्रिक सत्यापन (ऑफलाईन दुकान छोड़कर) के आधार पर खाद्यान्न का वितरण उचित मूल्य दुकान से किया जाये। पीओएस मशीन पर खाद्यान्न वितरण उपरांत जारी पावती हितग्राही को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाये। माह जनवरी 2024 से दिसबंर, 2028 तक उचित मूल्य दुकानों पर भी खाद्यान्न का प्रदाय निःशुल्क कराया जाये। खाद्यान्न वितरण व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये, दुकान पर बैनर लगवाये जाये। राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को 01 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर 2028 तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करेंगे।

### 4 घंटे रहेगी विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**कोतमा।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण केंद्र कोतमा के सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता केएस पटेल ने बताया कि उप संभाग कोतमा अंतर्गत 132 के व्ही से निकलने वाली लाइन में नई लाइन विस्तार का कार्य किया जाना है जिसके लिए 28 दिसंबर बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक कोतमा नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि लोड बढ़ाने के लिए नए फीडर का काम किया जाना है। कार्य को देखते हुए समय घटाया बढ़ाया जा सकता है उन्होंने उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेत व्यक्त करते हुए सहयोग करने की अपील की है।

---

**कांटा बाबू से मिलकर ट्रांसपोर्टर लगा रहे एसईसीएल को चूना**

# कंचन खदान में बाहरी मजूदरों का दखल



**उमरिया।** एसईसीएल जोहिला एरिया क्षेत्र की खदानों में किस तरह से नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है, इसे देखना हो तो कंचन ओपनकास्ट में देखा जा सकता है। कंचन खुली खदान में बाहरी मजदूरों से कोयला छंटवाकर उसे रोड सेल से बाहर भेजा जा रहा है। यह काम डीओ धारकों के दलाल खुलेआम करवा रहे हैं और इन्हें रोकने का प्रयास न तो सुरक्षा विभाग कर रहा है और न ही प्रबंधन की तरफ से ऐसा कोई प्रयास हो रहा है। कंचन ओपन माइंस में कोयला लोडिंग के नाम पर बड़े स्तर पर हेर-फेर की जा रही है। खदानों से निकलने वाले कोयले को नियमतः ट्रांसपोर्टरों को दिया जाना चाहिए, लेकिन यहां उन्हीं लोगों को तवज्जो दिया जा रहा है, जो विशेष पहुंच रखते हैं। कहा जाए तो कुछ अपने चहेतो से गठजोड़ कर बड़े पैमाने में अच्छे कोयले की सप्लाई में अनियमितता की जा रही है। इतना ही नहीं कांटा घर में भी प्रति गाड़ी के हिसाब से ट्रांसपोर्टरो से पैसे वसूले जा रहे है। चर्चा है कि कांटा बाबू से लेकर ऊपर प्रबंधन तक पूरा खेल में शामिल है, पूर्व में भी कंचन ओपन माइंस मे खुलेआम सौदेबाजी की आरोप लग चुके हैं।

#### आंख मूंदे बैठा विजलेंस

क्रेन ऑपरेटर से जुड़े ट्रांसपोर्टरों के हिस्से में ही अच्छा कोयला जा रहा है, बचा हुआ कोयला अन्य ट्रांसपोर्टरों को दिया जा रहा है। चर्चा है कि यहां पर 10 से 15 हजार रूपये के हिसाब से अच्छे कोयले की कीमत आंकी जा रही है, जबकि दूसरी ओर जो कोयला सीधे खदान से निकालकर दिया जाता है, जिसका प्रति टन की दर से रेट निर्धारित है। यहां चहेते ट्रांसपोर्टरों द्वारा मजदूर लगाकर कोयले की छंटाई कराई जाती है, जिसमें अच्छे कोयले को एक जगह रखकर अपनी ही लोडर मशीन से उसे अपने ट्रकों मे लोड करके बाजारों मे पहुंचाया जा रहा है। कहने को तो जोहिला क्षेत्र में बड़ी-बड़ी विजलेंस एवं सीबीआई टीमें है, लेकिन उनकी नजर ऐसे कारनामों में नहीं पड़ रही है।

#### दलाल लगा रहे मजदूर

रोड सेल से जाने वाला कोयला इसलिए छांटा जाता है, क्योंकि जिन कम्पनियों में यह कोयला जाता है, वहां से इसके लिए कॉलरी के अधिकारियों को कई तरह के लाभ प्रदान किए जाते हैं। यही कारण है कि कम्पनियों के यहां सक्रिय दलाल अपने मजदूर लगाकर कोयले की छंटाई करवाते हैं और अच्छा कोयला ट्रकों में लदवा कर अपनी कम्पनियों को भेज देते हैं। जबकि नियम के अनुसार स्टीम और स्लैक कोयले की छंटाई का यह खेल पूरी तरह से गैर कानूनी है। होना तो यह चाहिए कि जिस तरह से कोयला खदान के अंदर से निकलकर आता है उसी तरह उसे डिस्पैच कर दिया जाना चाहिए।

#### सांठ-गांठ का पूरा खेल

कंचन खुली खदान से कांटा बाबू से सांठ-गांठ कर कुछ ट्रांसपोर्टर यहां से अवैध कोयला लेकर निकलते हैं, इस पूरे खेल में कांटा बाबू से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों की मिली भगत है, यहां से निकलने वाला कोयला कटनी मण्डी पहुंच रहा है, स्थानीय ट्रांसपोर्टरों से सांठ-गांठ का यह पहला मौका नहीं है जब कांटा बाबू सहित अन्य अधिकारी सुर्खियों में आये हो, पूर्व में भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं, बताया गया है कि खदान के अंदर पक्षपात भी जमकर किया जाता है। पक्षपात वाहनों को लोड करवाने में किया जा रहा है। जिस डीओ धारक के दलाल कोयला छंटवाते हैं, उनकी गाड़ी पहले लाद दी जाती है और दूसरे ट्रकों को खदान में खड़ा रखा जाता है। उनका नंबर जानबूझकर लेट किया जाता है, जिससे उन लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ता है, जो किसी भी तरह का लेनदेन नहीं करते।

---

**गाय भी समाई काल के गाल में, पुलिस की तफ्तीश जारी**

# करंट की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत

**कोतमा।** करंट की चपेट में आने से 38 वर्षीय व्यक्ति की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना कोतमा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़ारू के भरगाटोला की बताई जा रही है। मौके पर पुलिस वन विभाग की टीम पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडारू के भरगाटोला निवासी कोमल सिंह पिता तनमन सिंह गोंड 38 वर्ष बुधवार की सुबह 5 घर से जंगल की ओर शौंच करने के लिए गया था। बुधवार की सुबह गांव के अन्य लोग जब वहां पर गए तो देखे कि कोमल मृत अवस्था में खेत में पड़ा था जिसकी जानकारी गांव में आग की तरह फैल गई मौके पर परिजन भी पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस एवं वन विभाग को दी गई।

#### करंट से हुई मौत

बताया जा रहा है कि जंगल में जंगली जानवरों के शिकार करने के लिए असामाजिक तत्वों के द्वारा 11 हजार विद्युत केव्ही की लाइनों से अवैध रूप से बिजली के तार जमीन में बिछाकर



जाता है । जिसकी चपेट में बुधवार की सुबह कोमल पिता तनमन सिंह गोंड आ गया जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही एक गाय भी करंट के चपेट में आ गई और उसकी भी मौत हो गई।

#### पूर्व में भी हो चुकी है घटनाएं

इसके पूर्व भी जंगली एरिया में कई घटना भी हो चुकी है करेंट की चपेट में आने से हो चुकी है जिसमें कई लोगों की मौत भी हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी वन विभाग के द्वारा ऐसे लोगों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण स्मानिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं।

#### मौके पर नहीं मिला कुछ

पुलिस ने बताया कि करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति एवं एक गाय की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि शिकारियो के द्वारा जंगली जानवरों के शिकार करने के लिए बिजली के नंगी तारों को बिछाया जाता है जिसके कारण आए दिन ऐसी घटना घटित हो रही हैं। पुलिस ने बताया कि मौके पर डाग स्कवाड को भी बुलाया गया था जिसकी मदद ली जा रही है पुलिस ने बताया कि मौके पर कोई भी सामान नहीं मिला है पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है।

### एसईसीएल प्रबंधन की हठधर्मिता से परेशान वार्डवासी करेंगे चकाजाम

**कोतमा।** वार्ड क्रमांक 10 के निवासी पूर्व पार्षद देवशरण सिंह ने बताया कि पूर्व में जमुना कोतमा क्षेत्र के प्रबन्धक को वार्ड नंबर 10 की समस्याओं से अवगत कराते हुये बारे में पत्राचार के माध्यम से कई बार प्रशासन के जानकारी में कॉलेज तिराहा वार्ड नंबर 10 के रहवासी जो एसईसीएल के रवैया से परेशान होते हुये कालरी मे लगे डम्फर के धूल डस्ट से परेशान हैं। पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है जिसकी शिकायत सीएम हेल्प लाइन एवम पत्राचार के माध्यम से शिकायत किया गया था। वार्ड के किसानों की कृषि क्षेत्र भूमि पूरी तरह बंजर हो गई है। रोजगार का माध्यम भी छिन गया है। कई साल एसईसीएल से केस लड़कर भी मुआवजा नही मिला किसान खेती नही कर पाए आंदोलन करने पर प्रशासन के सामने कुछ दिनों का मोहलत लेकर आश्वासन देकर भूल जाते हैं इसलिए अंतिम बार प्रशासन को सूचना दी गई थी और एसईसीएल को भी पत्रकार किया गया लेकिन कोई कार्यवाही नही किया गया । अब किसान गुरुवार को कालेज तिराहा में एसईसीएल से संबंधित गाड़ियों को रोककर आंदोलन करेंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

---



# गांव-गांव में निकली जा रही अक्षत कलश यात्रा

**राजेन्द्रग्राम।** क्षेत्र में अयोध्या से आए रामलाल की स्थापना एवं पूजन के आमंत्रण के अक्षत कलश की शोभायात्रा क्षेत्र के ग्राम भेजरी, बहपुर, पोड़ी, उमनिया जैसे गांव में कलश शोभा यात्रा निकाली गई जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अक्षत कलश की पूजा अर्चना की वही हिंदू सामाजिक संगठनों द्वारा अयोध्या से आए अक्षत कलश हर गांव में पहुंचाया जा रहा है एवं हर घर तक आमंत्रण पत्र पहुंचने का लक्ष्य है। देश के साथ-साथ पुष्पराजगढ़ मैकलांचल में राम नाम की गूंज सुनाई दे रही है। ग्राम भेजरी में शंकर मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई एवं नजदीकी ग्राम बहपुरी, नोनघटी जैसे कई ग्रामों का भ्रमण कर पुनः शंकर मंदिर में कलश की स्थापना की गई जहां 22 जनवरी को रामलला स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन किया जाना बताया गया कलश यात्रा में महिलाओं की सहभागिता अधिक दिखाई दी।

## खबर संक्षेप

### इन्ट्रीग्रिटी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ



**रीवा ।** इन्ट्रीग्रिटी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन मणिराज साकेत एवं जे.पी.जसवाल निदेशक एवं विद्यालय के प्राचार्य संजय सोधिया, उप प्राचार्य तृप्ती तिवारी उपस्थित रहीं। विद्यालय के खेल में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जैसे खो-खो, कबड्डी, वालीबाल, फुटबाल, वैडमिन्टन, क्रिकेट, एथलेटिक्स प्रतियोगितायें सम्पन्न होगी। उक्त प्रतियोगिता 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की खेल प्रभारी आफ्रीन अंसारी द्वारा खेल द्वारा कराया जायेगा।

### राजेश पांडे बनाए गए रीवा विधायक प्रतिनिधि

**रीवा।** रीवा विधायक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश पांडे को जिला योजना समिति पंचायत एवं पेयजल मॉनिटरिंग के लिए रीवा विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर राजेश पांडे ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रति आभार ज्ञापित किया है वही पार्टी के नेता प्रमोद व्यास उमाशंकर पटेल योगेंद्र शुक्ला दीनानाथ वर्मा नीरज पटेल अश्वनी शर्मा शिवम द्विवेदी शेखर सचदेवा प्रकाश सोनी चिंटू राजेंद्र मिश्रा देवांशु मिश्रा तीरथ साकेत राजेश साकेत राजेश शर्मा अनसुईया गुप्त घनश्याम ताम्रकार राजेश सिंह अमरेश पांडे राजीव खंडेलवाल नरेंद्र गुप्ता संजय गुप्ता सहित भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है(

### बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) के पशु मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित



**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के निर्देशानुसार नगरीय निकाय के अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित है। उक्त आदेश के तहत निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। शहर में खुले में पशु मांस, मछली विक्रय करने वालों के विरूद्ध निगम प्रशासन द्वारा गंगानगर, जय स्तंभ, छोटी पुल के आसपास लगभग आधा दर्जन दुकानो में रू. 3000 की चालानी कार्यवाही की गई एवं 3 किलोग्राम कच्चे मांस का विनिष्टीकरण कराया गया साथ ही सम्बंधितों को खुले में मांस, मछली बेचने हेतु प्रतिबंधित करने के संबंध में समझाइस दी गई। उक्त कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, श्री मुरारी कुमार, स्वच्छता इन्स्पेक्टर, अतिक्रमण प्रभारी श्री सुखेन्द्र चतुर्वेदी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

### कलेक्टर ने मुकेश एवं राहुल को किया निष्कासित

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुध्देश कुमार वैद्य ने राहुल बैगा पिता बृज़मोहन बैगा उम्र 25 साल निवासी मुण्डीखोली थाना नौरोजाबाद तथा मुकेश गुप्ता पिता प्रभुदयाल गुप्ता उम्र 47 साल निवासी वार्ड नंबर-6 थाना चंदिया को मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के अंतर्गत जिला उमरिया सहित समीपी राजस्व जिला शहडोल, अनूपपुर, सतना, जबलपुर, कटनी एवं डिण्डौरी की चतुर्दिग राजस्व सीमाओ से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया है।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरवाहीकला में हो रहा भ्रष्टाचार का खेल

**ग्राम सरावहीकला शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाउंड्री बेसन का कार्य करए जाने पर भ्रष्टाचार की इमारत खड़ी हो रही है देखा जा रहा है**

व्योहारी।

बनाई जा रही नई बाउंड्री के पहले से बने घरों को उप सरपंच द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है जो राजेश साहू के द्वारा बताया जा रहा है कि उप सरपंच विक्रमदित्य गुप्ता के द्वारा तीन माह पहले जबरन मकान खाली कराए जाने को कहा जा रहा था लेकिन इस जगह के पुश्तैनी निवासी हुं और आज भी है / लेकिन मकान खाली न करने के बात को लेकर जान से मरने की धमकी दी जा रही है जबकि तहसीलदार वा पटवारी के द्वारा 2 ही लोगो को नोटिस दी गई





हैइसी बात को लेकर पूर्व उप सरपंच राजकुमार सिंह बैस के द्वारा भी बडा सवाल उठाया जा रहा है की इनका कहना है की मकान पहले भी। बना था और आज भी बना है जिसमे इनका 50 ढिसमिल का पटा है जो हमारे कार्य कल मे रहा और आज भी इनका रिकॉर्ड है लेकिन आज जो भी विद्यालय परिसर में कार्य कराया जा रहा है वह घटिया वा मिली भागत के सहमत में निर्माण कार्य हो रहा है लेकिन अब यह देखा जा रहा है की अब जिले के उच्च अधिकारियों के द्वारा बाउंड्री बेसन में व विद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के मामले को कब तक और कितने दिन में संज्ञान पर ले रहे हैं एवम जांच कर कार्रवाई की जाए।

## पीएचडी की उपाधि से नवाजे गए डॉ आशुतोष शुक्ला



**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के जनभागीदारी अतिथि विद्वान डॉ आशुतोष शुक्ला पिता स्वर्गीय श्री मनोज कुमार शुक्ला माता अर्चना शुक्ला निवासी ग्राम डीघौला पो ढेरा जिला मऊगंज को अज्ञेय और टी एस इलियट के काव्य सिद्धांत संबंधित मान्यताओं का तुलनात्मक अध्ययन शोध शीर्षक पर डॉ रामेश्वर पाण्डेय के कुशल निर्देशन में यह शोध कार्य पूर्ण किया कठिन परिश्रम व लगन के फलस्वरुप अवधेश प्रताप सिंह महाविद्यालय रीवा में आयोजित 11वे दीक्षांत समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के हाथों पीएचडी के उपाधि नवाजा गया है इस बड़ी उपलब्धि पर शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्पित अवस्थी पत्नी श्रीमती प्रिया शुक्ला अनुज इंजीनियर अखिलेश शुक्ला साथी जितेंद्र मोहन श्रीवास्तव डॉ अल्पना मिश्र एवं टीआरएस कॉलेज के हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापको ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# सोहागी पहाड़ तथा अन्य ब्लैक स्पाटों में दुर्घटना रोकने के उपाय करें : प्रभारी कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। सभी अधिकारी बैठक में लिए गए निर्णयों पर प्रभावी कार्यवाही करें। लोक निर्माण विभाग, सड़क विकास निगम तथा एनएचआई के अधिकारी जिले की सभी प्रमुख सड़कों के ब्लैक स्पाटों पर दुर्घटना रोकने के उपाय करें। रीवा प्रयागराज मार्ग में सोहागी घाटी पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें संकेतक लगाने, सड़क के सुधार तथा सड़क को चौड़ा करने की कार्यवाही तत्काल शुरू कराएं। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि रीवा शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के लिए लगातार प्रयास करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि धोबिया टंकी से पीटीएस चौराहे को जाने वाली रोड़ से अवैध कब्जा हटाकर उसका विस्तार किया जाएगा। नगर निगम ठेले वालों के लिए स्थान विकसित करेगा। शहर के प्रमुख प्रवेश



मार्गों में नगर निगम भारी वाहनों की नो इन्ट्री का बोर्ड लगाएगा। बैठक में सिरमौर चौराहे से समदड़िया गोल्ड तक रोड डिवाइडर लगाने, रेलवे ओवर ब्रिाज में ट्रांसपोर्ट नगर मोड़ पर रम्बल स्पीड ब्रोकर लगाने तथा अस्पताल तिराहे की श्रमिक मण्डी को समान फ्लाई ओवर के नीचे स्थानांतरित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मार्तण्ड स्कूल तिराहा तथा ढेकहा तिराहा में ट्रैफिक सिग्नल शुरू कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यपालन यंत्री सेतु निगम वसीम खान ने बताया कि सिरमौर चौराहे से सुभाष चौक तक के ओवर ब्रिाज के किनारे की सड़कों तथा नाली निर्माण का कार्य 31 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने कहा कि शहर में जहाँ आवश्यक होगा वहाँ नगर निगम डिवाइडर बनाएगा। सोमवारी बाजार को मानस भवन परिसर तक सीमित रखने के लिए पुलिस तथा नगर निगम मिलकर प्रयास करेंगे। यातायात पुलिस को कलेक्ट्रेट से जिला पंचायत की तरफ जाने वाली सड़क में अवैध रूप से खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला प्रबंधक एमपीआरडीसी को सभी फोरलेन मार्गों की सर्विस लेन का निर्माण पूरा कराने तथा उन्हें अतिक्रमण से मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को नेहरू नगर में आवासीय क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसी के गोदाम को हटाने के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति के सदस्यों ने शहर के बाहर नवीन ट्रांसपोर्ट नगर बनाने, माडल रोड के अनावश्यक कट्स बंद करने, रानी तालाब पार्किंग से अतिक्रमण हटाने तथा जय स्तंभ चौक की रोटरी को छोटा करने का सुझाव दिया। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज शर्मा ने यातायात समिति के निर्णयों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी, यातायात प्रभारी, अन्य अधिकारीगण तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## रीवा की अंकिता पांडेय का मध्य प्रदेश नायब तहसीलदार में हुआ चयन

**रीवा।** जिले की बड़ी हर्दी खुर्द निवासी अंकिता पाण्डेय पत्नी दीपक पाण्डेय का मप्र नायब तहसीलदार मे चयन हुआ है जैसे ही यह जानकारी गाँव में पहुंची पूरे गाँव में खुशी का माहौल है। अंकिता पाण्डेय भाजपा कार्यकर्ता अमरेश पाण्डेय के भतीजे कि बहू है। अंकिता के इस उपलब्धि पर भाजपा नेता राजेश पाण्डेय,योगेन्द्र शुक्ला, अमरेश पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय,अनिल पाण्डेय, प्रफुल्ल शुक्ला,सुरेंद्र मणि मिश्रा,अशोकनाथ शुक्ला,राजेश मिश्रा,नितिन मिश्रा,कैलाश नाथ शुक्ला,सतीश पाण्डेय,राजेश पाण्डेय,लक्ष्मीकान्त पाण्डेय,प्रद्युम्न पाण्डेय,सरोज चौबे,इंद्रमौलि



पाण्डेय,शिव मूर्ति मिश्रा,शंकर सिंह,नारायण पांडेय,राम सिया पटेल,संतोष पाण्डेय,राकेश पाण्डेय,विजय पाण्डेय,अनन्त पाण्डेय,डॉ अमरनाथ शुक्ला,राजेंद्र द्विवेदी,काशी प्रसाद अवधिया,सच्चे लाल गुप्ता,दिलीप पाण्डेय ओम प्रकाश पाण्डेय,रवींद्र नाथ पाण्डे,प्रभु दयाल पाण्डेय,विजय द्विवेदी,भीम नारायण मिश्रा,मुकेश पाण्डेय,रमेश पाण्डेय,ओमकार पाण्डेय,कमलाकान्त पाण्डेय,इन्द्रेश पाण्डेय विकास सोनी,अनिल त्रिपाठी गुरु प्रसाद सोनी,श्रीधर पाण्डेय,मनीष पाण्डेय,राहुल पाण्डेय,प्रदीप पाण्डेय,रोहन पाण्डेय एवं समस्त त्रिफला पाण्डेय परिवार ने इस उपलब्धि के लिए अंकिता को बधाई दी है ।

**आन्दोलनकारियों के स्वास्थ्य में दिनों दिन गिरावट**

## ललितपुर रेल परियोजना से पीड़ित किसानों के द्वारा 6वें दिन धरना जारी

**रीवा ।** किसान नेता व रेलवे किसान संघर्ष समिति गोविंदगढ़ जिला रीवा के प्रवक्ता महेन्द्र पाण्डेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रीवा-सीधी-सिंगरौली-सतना-ललितपुर रेल परियोजना से पीढ़ित किसानो के द्वारा 6वें दिन जारी रेलवे विभाग के विरूद्ध धरने में अनशनकारियों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, डॉक्टरों की टीम द्वारा अनशनकारियों के स्वास्थ्य की जाँच किया जाकर शासन एवं प्रशासन को रिपोर्ट सौपी जा रही है, परन्तु प्रशासन द्वारा आंख पर पट्टी बांधी हुई है, किसी तरह से किसानों से उनकी मांग पर गम्भीर नही है, आज तक प्रशसन का कोई नुमाइंदा अनशनकारियों का हाल चाल लेने नहीं गया। रेल्वे स्टेशन गोविन्दगढ़ मे पन्ना, सतना, सीधी, रीवा के नौजवान, किसान दिनरात स्टेशन पर बैठे हुये धरना प्रदर्शन कर रहे है, गोविन्दगढ़ में कभी भी गम्भीर घटना घटित होने की आशंका है, आज आमरण अंशन स्थल पर किसाना नेता सुब्रतमणि त्रिपाठी



अनशनकारियों का समर्थन करने पंहुचे। किसान नेता सुब्रतमणि ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसान अपनी जायज मांगों के लिये निरंतर एक साल से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन निरंकुश सरकार किसानों की मांगों की तरफ ध्यान नही दे रही है। उन्होने कहा कि किसानों की रहनुमाई करने वाले सभी किसान संगठन एवं नेता समय आ गया है कि कपकपाती ठण्ड में बैठे किसान अपनी न्याय की आस में कहीं अपनी जान न गवा दें, इसलिये सभी किसान संगठन सर्वदलीय नेता किसानों के समर्थन के लिये आगें आयें और उनकी इस लड़ाई में सहयोग करें एवं समर्थन करें तभी किसानों को न्याय मिलेगा एवं जनसंगठन एवं जन आन्दोलनों के नेताओं से अपील है कि किसानों की इस संकट की घड़ी में उनका साथ दें। धरना स्थल पर आमरण अंशनकारी किसान नेता त्र्म्यकेश्वर पाण्डेय, विकलांग रणजीत सिंह बघेल, उनकी पत्नी आशा सिंह बघेल, रमेश शुक्ला, रामायण शर्मा, शतीश सिंह बड़खड़ा इनका स्वास्थ्य धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है. गोविन्दगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने शासन और प्रशासन को अपनी रिपोर्ट भी भेजी है।

## फुटबाल मैच के फाइनल में टाइगर एफसी को हराकर मोहम्मडन क्लब नईगढ़ी बनी विजेता

**मऊगंज।** जिले नईगढ़ी मे ठाकुर गोपाल शरण सिंह ऐतिहासिक मौहई खेल मैदान नईगढी में भाजपा नेता डॉ एस एस तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित अंडर 18 फुटबॉल मैच 23 दिसंबर से प्रारंभ होकर 27 दिसंबर तक



चलने वाले मैच का फाइनल मुकाबला मोहम्मडन क्लब नईगढ़ी एवं टाइगर एफसी बीच खेला गया गया। जहां कडा मुकाबला रहा दोनों टीमों का मैच काफी रोमांचक रहा मैच ड्रा होने की स्थिति में टाई ब्रेकर में मोहम्मडन क्लब नईगढ़ी की टीम ने टाईगर एफसी के 02 के मुकाबले में 03 गोल दागकर विजेता रही। नईगढ़ी का ऐतिहासिक मौहई खेल मैदान जो कई विधाओं का जीता जागता उदाहरण रहा है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में आयोजन समिति के द्वारा फुटबॉल के खेल को सुचारू रूप से चलाते हुए पन्नालाल आदिवासी के आयोजकत्व में फुटबॉल टूर्नामेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें निर्णायक के रूप में सरदार खान आरिश खान एवं अरमान खान ने सराहनीय भूमिका निभाई। वहीं मैन ऑफ द मैच साजिद खान ए मैन ऑफ़ सीरीज विवेक त्रिपाठी रहे। खेले गए इस मैच में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि डॉ एस एस तिवारी के साथ मंडल अध्यक्ष नईगढ़ी बृजेंद्र गुप्ता प्रोफेसर विमल कुमार पांडे, केपी शर्मा ,शिवानंद प्यासी, लोले त्रिपाठी, राम सजीवन सोनी, वीरेंद्र बहादुर सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# आवारा मवेशियों की बढ़ती सक्रियता से अन्नदाता परेशान

**मऊगंज।** जिले मे खेती के लिए आवारा मवेशियों की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। वर्तमान समय पर खेती कर रहे किसानों के सामने आवारा मवेशियों से खेतों की सुरक्षा करना मुश्किल हो रहा है। महंगाई के समय पर जहां खेती करना महंगा सौदा साबित हो रहा है। वही बोनी के बाद जिन खेतों की सुरक्षा में थोड़ी भी चूक होती है। तो रात भर में पता चलता है कि आवारा मवेशी खेतों को साफ कर देते हैं। किंतु इस मामले में सरकार की कोई ऐसी योजना नहीं है। जिससे किसान खेती को सुरक्षित कर सके खास तौर पर छोटे एवं मध्यम किसानों के लिए यह समस्या और भी चुनौती पूर्ण साबित हो रही है।

### लागू नहीं हो पाई तार बाड़ी योजना

कृषि योजनाओं के नाम पर कई करोड़ की राशि भले ही खर्च हो गए हो किंतु किसानो की मांग के अनुसार खेतों की सुरक्षा के लिए तार बाड़ी की योजना आज तक लागू नहीं हो पाई। उद्यानिकी विभाग में आदर्श विकासखंडों में इस तरह की योजना को शामिल भी किया किंतु उसमें किसानों से कृषक अंश के रूप में लगभग ढाई लाख जमा करने के लिए कहा जा रहा है। जबकि इतनी अधिक राशि वह जमा करने के लिए सक्षम ही नहीं है। इसलिए योजना फ्लॉप साबित हो रही है। जबकि कृषि विभाग में तार बाड़ी के लिए कोई अनुदान योजना आज तक प्रारंभ नहीं हो पाई।

### गौशाला प्रोजेक्ट की स्थिति

जिले में गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपए



खर्च हो चुके हैं। इसके बाद भी जो गौशालाएं ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वीकृत हुई वह आज तक पूर्ण नहीं हो पाई वर्ष 19-20 में जिन गौशालाओं की स्वीकृत हुई। उनमें कई गौ शालाओ का ही संचालन हो रहा है। एवं शासन द्वारा राशि भी आवंटित हो रही है लेकिन कितने मवेशी वहां है, गौशालाओं की क्या स्थिति है। यह समझ से परे है। वहीं वर्ष 2020 और 21 में सैकड़ो गौशालाओं की स्वीकृत हुई जहां अभी तक कुछ ही गौशालाओं का ही संचालन हो रहा है। जबकि अधिकांश गौशालाओं को पिछले 4 सालों से निर्माणाधीन बताया जा रहा है। पता नहीं निर्माणाधीन गौशालाओं को पूर्ण करने में अभी और कितने साल बीत जाएंगे सवाल तो यह भी है। कि जहां गौशालाओं का निर्माण हो चुका है। और संचालन हो रहा है। वहां भी आवारा मवेशियों की समस्या यथावत है। ग्रामीण क्षेत्रों की गौशालाओं में मवेशियों को रखने के जो आंकड़े बताए जा रहे हैं। वह भी अधिकतर कागजों में है। जबकि हर गांव में सैकड़ो की संख्या में आवारा मवेशियों की सक्रियता दिन रात दिखाई देती है। इसलिए किसान चाहता है कि उसे तार बाड़ी योजना का लाभ दिया जाए ताकि वह अपने फसलों की सुरक्षा कर सके।

### 20-21 के बाद नहीं हुई नई गौशालाओं की स्वीकृत

वर्ष 2020-21 में इस जिले की पंचायत में जिन गौशालाओं की स्वीकृत और निर्माण पूरा न होने के कारण नई गौशालाओं की स्वीकृत भी आज तक नहीं हो पाई इसलिए हर पंचायत क्षेत्र में गौशालाओं का निर्माण भी नहीं हो पाया यदि सभी पंचायत में औसत एक गौशाला का संचालन हो जाता तो हो सकता है कि आवारा मवेशियों को वहां रखा जा सकता था। और खेतों की सुरक्षा संभव हो सकती थी किंतु ऐसा नहीं हो पाया

### आवारा मवेशियों का वास्तविक डाटा भी आज तक स्पष्ट नहीं

खाने के लिए समय-समय पर पशु संगणना होती है। जहां हर तरह के मवेशियों व जानवरों की संख्या का पता लगाया जाता है किंतु जब से गौशालाओं का प्रोजेक्ट प्रारंभ हुआ है तब से यह भी देखा जा रहा है कि आवारा मवेशियों का वास्तविक आंकड़ा भी स्पष्ट नहीं हो पाया जिले में कितने आवारा मवेशी हैं जिनके कारण खेती को खतरा पैदा हो रहा है इसका वास्तविक आंकड़ा जब तक नहीं होगा तो इस बात का निर्धारण कैसे हो सकता है। कि कितनी गौशालाओं की आवश्यकता होगी इसलिए सब कुछ कल्पनाओं पर आधारित चल रहा है।

### जरूरी है समस्या का निदान

आवारा मवेशियों की समस्या का निदान कैसे हो इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। केवल घोषणाओं से किसानों की संतुष्टि संभव नहीं हो सकती है। जब चुनाव आते हैं तो किसानों को प्रभावित करने के लिए बड़ी-बड़ी बातें शुरू हो जाती है। किंतु उसकी मूल समस्याओं के निजात के लिए कोई विचार नहीं होता यही कारण है कि आवारा मवेशियों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह भी सही है कि जैसे-जैसे कृषि के क्षेत्र में यंत्रीकरण का प्रभाव बढ़ा है वैसे-वैसे कृषि में उपयोग होने वाले पारंपरिक साधनों का उपयोग भी बंद होता चला गया।

# गर्म चर्चा का बाजार, पार्टी के निर्णय का इंतजार

## पार्टी से निष्कासित युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जोह रहे घर वापसी की बाट

**फूल छाप कांग्रेसियों के कारण कोतमा विस से हुई कांग्रेस प्रत्याशी की करारी हार**

**विस में नैया डुबोने के बाद अब संभाग से ही कांग्रेस को खत्म करने की कवायद**





मप्र में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद एक तरफ जहां कांग्रेस ने प्रदेश की कमान युवा नेता जीतू पटवारी को सौंपी है वही प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी को भी भंग कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष जिला प्रभारी और प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

अनूपपुर।

इसमें जिलाध्यक्ष और प्रभारियों ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों का ऐलान जल्द से जल्द किए जाने की मांग संगठन के सामने उठाई। उनका कहना था कि विधानसभा चुनाव में हुई गलतियों को लोकसभा में नहीं दोहराया जाना चाहिए। बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और अन्य कई पदाधिकारियों ने अपने मन का गुब्बार भी निकाला। प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज समीक्षा बैठक के बाद प्रदेश कार्यकारणी को भंग करने का निर्णय लिया गया है। आगामी आदेश तक जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी काम करते रहेंगे। जल्द ही नए पदाधिकारी बनाये जाएंगे।

### विस चुनाव मे अपनों के बीच ठनी थी रार

विधानसभा चुनाव मे टिकट वितरण के पूर्व वर्तमान विधायक सुनील सराफ के विरोध में कोतमा विधानसभा में कांग्रेस संगठन का दायित्व संभाल रहे कई पदासीन नेताओं व पदाधिकारियों की बनी जी 23 टीम ने विरोध का बिगुल फूंक रखा था और टिकट की मांग के साथ-साथ प्रदेश नेतृत्व को उक्त नेताओं ने टीम के माध्यम से आगाह किया गया था कि यदि वर्तमान विधायक को ही टिकट दिया जाता है तो कांग्रेस नेतृत्व यह मान कर चले कि प्रदेश की 230 सीटों की जगह वह 229 पर ही चुनाव लड़ रही है और ऐसे में प्रदेश नेतृत्व ने अपने पार्टी सर्वे के आधार पर वर्तमान विधायक पर ही दांव लगाया और टिकट की घोषणा होने के बाद से ही नाराज विधायक विरोधी खेमा सार्वजनिक रूप से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया, जिसकी सूचना पार्टी के जिम्मेदारों और अन्य माध्यमों से प्रदेश नेतृत्व को मिलने पर प्रदेश संगठन ने ऐसे जिम्मेदारों और वरिष्ठ कांग्रेसियों पर मतदान के ठीक एक दिन पूर्व ही अनुशासन का हवाला देते हुए निलंबन की बड़ी कार्यवाही को अंजाम दे दिया था। हालांकि यह कमलनाथ की जिद थी व सुनील सराफ पर आंख मूंदकर जीत का भरोसा था मगर कार्यकर्ताओ व जमीनी नेताओ की उपेक्षा का परिणाम है कि 10 साल से कोतमा विधानसभा में काबिज कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

### निष्कासित युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष क्या फिर करेंगे कांग्रेस का काम?

दरअसल युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्याम कुमार चौहान (गुड्डू चौहान) की बात करे तो गुड्डू चौहान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ का प्रतिनिधित्व करते है। निश्चित है कि उनके पास युवाओ की एक बड़ी टीम है जिनकी एक आवाज पर कोतमा से लेकर अनूपपुर, भोपाल, दिल्ली तक धरना प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ पुतला दहन, नारेबाजी विरोध प्रदर्शन जेल भरो आंदोलन में गुड्डू चौहान की हमेशा अग्रणी भूमिका रही है। जिसके लिए उनकी कांग्रेस की राजनीति में एक अलग ही पहचान है। ठीक उसके विपरीत कांग्रेस के एक समर्पित पदाधिकारी का कांग्रेस के घोषित उम्मीदवार पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता व भाजपा से मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ काम करने के आरोप लगाए और पार्टी से निष्कासन व निलंबन का पत्र वायरल हुआ जिसके बाद उनके समर्थक अपने पदों से इस्तीफों की झड़ी लगा दे व कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव परिणाम भी विपरीत आये व कांग्रेस की करारी हार हो तो क्या यह प्रत्याशी की हार कहलाएगी या कांग्रेस संगठन की हार होगी इस पर सवाल खड़े होना लाजमी है। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के दौरान गुड्डू चौहान ने कांग्रेस प्रत्याशी सुनील सराफ की सोशल मीडिया मे जमकर विरोध करते हुये उन्हे हराने का प्रण लिया था।

### पार्टी के प्रति पदाधिकारियों की जबावदेही

राजनीति में हर कार्यकर्ता व पदाधिकारियों का अपना एक नेता व लीडर होता है जिसके लिए हर कार्यकर्ता तन मन धन से समर्पित होकर नेता को विधायक व मंत्री बनवाने के लिए क्षेत्र से लेकर भोपाल दिल्ली तक पैरवी करने रैली, सभाओ व शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से जिंदाबाद के नारे लगाते है। मगर उसके अलावा कार्यकर्ताओ के पास दूसरी जिम्मेदारी संगठन के पद की होती है। जिसका दायित्व ईमानदारी से निभाने व पार्टी संगठन के प्रति समर्पण भाव से घोषित प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने व माहौल बनाकर वोट दिलवाने की भी जवावदारी कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों की होती है वही यदि पदाधिकारी ही घोषित प्रत्याशी का विरोध करना शुरू कर दे तो मजबूरन कार्यकर्ता भी पदाधिकारियों का ही अनुसरण करेगे जिससे निश्चित ही परिणाम पार्टी के विपक्ष में ही आएगा। जिस कारण मजबूरन घोषित प्रत्याशी ऐसे पदाधिकारियों की पार्टी फोरम में शिकायत करेगा जिस पर संगठन द्वारा निष्कासन व निलंबन की कार्यवाही की जाती है। हालांकि ऐसी कार्यवाहियां कितनी प्रभावशील होती हैं व पदाधिकारियों पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। यह तो उनकी संगठन के प्रति समर्पण व ईमानदारी पर निर्भर करती है। मगर आजकल राजनीति में इसके कोई मायने नही है। मगर इसका परिणाम जरूर पार्टी को भोगना पड़ता है। जिसका उदाहरण बीते विधानसभा चुनाव में कोतमा व अनूपपुर में देखने को मिला।

## जिले की जीवन दायिनी नदियों का वजूद मिटाने पर आमादा खनिज माफिया

# नदियों का अवैध दोहन के साथ ही शासन को पहुंचा रहे राजस्व हानि



अनूपपुर।

जिले में खनिज माफिया द्वारा सोन, तिपान, केवई, गोडरू, बकान, अलान सहित अन्य नदियों से रोजाना रात के समय रेत का अवैध उत्खनन कर दर्जनों डंफर वा ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। जिले भर में हो रही रेत की इस चोरी पर खनिज विभाग सहित जिला प्रशासन व पुलिस विभाग पूरी तरह से मौन है। जिसके चलते खनिज माफिया सक्रिय होकर अपना गिरोह बनाकर रेत चोरी की घटना को अंजाम देते हुए विवाद की स्थिति निर्मित करते है। जिससे कारण शासन को राजस्वो की क्षति उठानी पड़ रही है। जिले के कोतवाली अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा, बिजुरी एवं भालूमाड़ा थाना क्षेत्र की पुलिस इन रेत चोरो पर कार्यवाही करने से परहेज कर रहे है।

### 10 अवैध घाटों से प्रतिदिन चोरी हो रही रेत

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के पांच थाना क्षेत्र में 10 अवैध घाट जिनमें कोतवाली अनूपपुर अंतर्गत सीतापुर घाट, मानपुर घाट, कन्या शिक्षा परिसर के पास स्थित कचरा घाट, जेल बिल्डिंग के आगे चिल्हा री घाट, कोतमा थाना अंतर्गत निगवानी घाट, बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठी घाट एवं कटकोना घाट, भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी के भालूमाड़ा घाट, जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलिया फाटक के अंदर से एवं तिपान नदी स्थित बलबहरा खदान जैतहरी से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में रेत चोरी की जा रही है, लेकिन इन थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारी द्वारा इन अवैध रेत चोरी करने वालो पर लगाम कस पाने में अपनी असमर्थता व्यक्त करते नजर आ रहे है।

### आधा दर्जन नदियों का बिगाड़ रहे स्वरूप

जिले की जीवनदायिनी कही जाने वाले आधा दर्जन प्रमुख नदियों का अस्तित्व संकट में है। रेत चोरी करने वाले गिरोह अवैध तरीके से घाट बनाकर सूरज ढलते ही अपने-अपने वाहन को नदियों में उतार कर रेत का अवैध उत्खनन करते आसानी से देखे जा सकते है, लेकिन इन गिरोह को ना तो पुलिस का भय है और ना ही खनिज विभाग का डर है। जिनके द्वारा चोरी के रेत लोड़ कर सड़को में वाहन फर्राटा मारते नजर आ जाते है, लेकिन इन रेत लोड़ वाहनों की जांच करने जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के किसी भी अधिकारी द्वारा जहमत नही उठाई जा रही है। जिसके कारण रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश नही लग पा रहा है।

### कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टरों का हो रहा उपयोग

कोतमा, भालूमाड़ा सहित बिजुरी थाना क्षेत्र में कृषि कार्य के नाम पर परिवहन विभाग में ट्रैक्टर ट्रॉली पंजीकृत कर उनका उपयोग व्यावसायिक रूप से अवैध रेत के परिवहन में उपयोग करते नजर आ रहे हैं। जबकि नियमानुसार परिवहन विभाग में ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली को कमर्शियल पंजीकृत करने पर ट्रैक्टर इंजन व ट्रॉली की कीमत का 10 प्रतिशत टैक्स शासन को जमा करना अनिवार्य होता है, लेकिन अधिकतर ट्रैक्टर इंजन व ट्रॉली के मालिक द्वारा टैक्स बचाने के चक्कर में वाहन को कृषि कार्य हेतु पंजीकृत कराए हुए है। जानकारी के अनुसार परिवहन कार्यालय अनूपपुर में एक भी ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली का पंजीयन कमर्शियल रूप में नही हुआ है। कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली का रेत चोरी करने में किया जा रहा है।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा से जिलेवासियों में उत्साह

### शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की की दी जा रही जानकारी

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर रूप से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। गाँव-गाँव पहुंचने पर यात्रा का अपार उत्साह से स्वागत किया जा रहा है। संकल्प यात्रा के माध्यम से शत प्रतिशत हितग्राहियों तक भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों की भीड़ उमड़ रही है तथा हितग्राहियों में अपार उत्साह भी देखा जा रहा है। बुधवार को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत हरद तथा बदरा, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत बर्री तथा चकेठी, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बैहाटोला तथा कटकोना एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत मेढाखार तथा सालरगोंदी में शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण जनों को अनेक विभागीय योजनाओं और कार्यक्रम की जानकारी दी गई। यात्रा के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थी हितग्राहियों ने उन्हें मिले लाभ की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी के रूप में सभी को सुनाई। ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा भी दिलायी गई। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा सहभागिता की जा रही है।

**आज यहां होगा कार्यक्रम-** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन के तारतम्य में 28 दिसम्बर को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत खोडरी नं 02 तथा ऊरा, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत छुल्हा तथा हर्री, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बेलिया छोट तथा डोंगरिया कलां, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत नगुला तथा उफरीकला में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर का आयोजन संबंधित ग्राम पंचायत परिसर में किया जाएगा।

# निगवानी के बाद अब उपार्जन केन्द्र छिल्पा में मिली अनियमितता

## जांच टीम ने तैयार किया पंचनामा, सौंपेंगे कलेक्टर को

### उपार्जन नीति का खुला उल्लंघन व समूह की पाई गई मनमानी

अनूपपुर।

धान उपार्जन केन्द्रो में समूहो द्वारा की जा रही मनमानी तथा उपार्जन नीति का खुला उल्लंघन के मामले लगातार सामने आ रहे है। जहां महिला स्व सहायता समूह द्वारा अवैध लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अपनी मनमानी करते हुए शासन के नियमों को दर किनार किया जा रहा है और व्यापारियों की धान को किसानों के पंजीयन में बेचने उन्हे शासकीय खाली बारदाना दिया जा रहा है, जिससे किसानों द्वारा शासकीय बोरियों में धान भरकर केन्द्र में लाया जा रहा है। ऐसे ही एक मामले मे जय बजरंगबली स्व-सहायता समूह पयारी की शिकायत पर 26 दिसम्बर को खाद्य एवं वेयर हाउस की संयुक्त टीम जांच करने पहुंची, जांच के दौरान अव्यवस्थाओं के साथ ही उपार्जन नीति का उल्लंघन व समूह की मनमानी पाई गई। जिसके बाद टीम ने मौक पर पंचनामा तैयार कर प्रतिवेदन पेश किए जाने की बात कही गई।

### बारदाना घर ले जाने किसानों को छूट



सैटिंन विश्कर्मा स्व-सहायता समूह छिल्पा अध्यक्ष श्वेता साहू एवं सचिव पूजा साहू द्वारा मिली भगत कर नियम विरुद्ध तरीके से किसानो को घर ले जाने के लिए खाली बारदना दिए जाने की शिकायत पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सीमा सिन्हा, अभिषेक उपाध्याय एवं वेयर हाउस जिला प्रबंधक प्रीति शर्मा ने मौके पर पहुंच उपार्जन केन्द्र की जांच की गई। जहां केन्द्र में किसान द्वारा लाये गए ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 65 जेडए 6585, एमपी 65 जीए 1774 एवं एक पिकअप वाहन में जूट की बोरियों में भर कर लाया गया था। जिस पर टीम ने मौके पर ही किसानो के बयान लिए, जहां बयान में किसानो ने बोरियों को बाजार से खरीदना बताया। जिनका मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया।

### केंद्र में 7 हजार बोरियां मिली कम

शिकायत की जांच के दौरान टीम ने उपार्जन केन्द्र छिल्पा द्वारा प्राप्त किए गए शासकीय बारदानों तथा भुगतान किए गए बारदानों का मौके पर ही मिलान किया गया। जांच में समूह में 7 हजार बोरियां कम पाई गई। जानकारी के अनुसार किसान द्वारा लाये गए जूट के बारदाने उपार्जन केन्द्र द्वारा दिए जाने की पुष्टि हुई। जिस पर समूह द्वारा उपार्जन केन्द्र छिल्पा में मिली कम बोरियों से संबंधित सही जवाब प्रस्तुत नही कर पाये। जिस पर टीम ने समूह के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु प्रतिवेदन तैयार किया, जिसे कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

### जय बजरंग समूह को दी गई समझाईश

जय बजरंग स्व-सहायता समूह पयारी द्वारा सर्वेयर द्वारा धान की गुणवत्ता की जांच किए बिना किसानो को बारदाना दिए जाने की शिकायत में खाद्य विभाग एवं वेयर हाउस की संयुक्त टीम ने समूह के अध्यक्ष व सचिव को बिना सर्वेयर द्वारा धान के मानक स्तर की जांच किए बिना बारदाने नही देने की समझाईश मौके पर दी गई। इतना ही नही सर्वेयर को भी मानक स्तक के धान की जांच निष्पक्ष तरीके से किए जाने तथा समूह को उपार्जन नीति का पालन कर किसानो को समर्थन मूल्य पर धान खरीद कर किसानो को लाभ दिए जाने की बात कही गई। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनूपपुर सीमा सिन्हा ने बताया कि सैंटिन विश्वकर्मा स्व सहायता समूह छिल्पा में समूह द्वारा किसानो को बारदाने घर ले जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर जांच के दौरान उपार्जन केन्द्र में दो ट्रैक्टरों व एक पिकअप वाहन में जूट की बोरियों में लोड़ धान पाया गया, तथा समूह को प्राप्त बारदाने वा भुगतान किए गए बारदानों का मिलान करने पर 7 हजार बोरियां कम पाए जाने पर कार्यवाही की गई, जिसका प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

**खबर संक्षेप**




### ठेकेदार ने पूर्व जीएम एवं डीआरएम के शिलालेख का किया अपमान

**अनूपपुर।** 6 जनवरी 2017 को तत्कालीन महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार एवं तत्कालीन बिलासपुर डीआरएम गोपीनाथ मालिया के कर कमलों द्वारा अनूपपुर रेलवे कॉलोनी में रेलवे कर्मचारियों के बच्चे उनके परिवार के लिए बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन हुआ था। जहां पर महाप्रबंधक एवं बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक के नाम से एक शिलालेख लगा हुआ था। अमृत स्टेशन योजना के तहत विकास हेतु उक्त बैडमिंटन को मधु वाटिका अनूपपुर के बगल में स्थित खाली जमीन पर बनाने का निर्णय संयुक्त सर्वे टीम द्वारा लिया गया था। रेलवे मजदूर कांग्रेस और रेल कर्मचारियों ने उस महत्वपूर्ण शिलान्यास पत्थर को सुरक्षित निकालकर नए बन रहे बैडमिंटन कोर्ट के स्थान पर लगाने का अनुरोध रेल अधिकारियों से किया था।उसे सुरक्षित निकालने की जगह ठेकेदार द्वारा अपमानजनक तरीके से शिलान्यास पत्थर को तोड़कर पूर्व महाप्रबंधक और पूर्व डीआरएम का अपमान किया गया है। रेलवे मजदूर ने मांग की है कि तत्काल नया बैडमिंटन कोर्ट बनाते हुए उक्त शिलान्यास पत्थर को पूर्व की भांति मधु वाटिका के बगल में बनाया जाकर नए बैडमिंटन कोर्ट में लगाया जाए। साथ ही अनूपपुर रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा कार्यालय के भवन हेतु गतिशक्ति योजना के बजट के अंतर्गत रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर कार्यालय को बनाने मंजूर किया जाए। इससे पूर्व में संयुक्त सर्वे में दोनों कार्य नया बैडमिंटन कोर्ट एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के कार्यालय बनाने का उल्लेख लिखित में हो चुका है। बी.कृष्ण कुमार मंडल समन्वयक एवं संयुक्त महामंत्री रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के द्वारा इस संबंध में पत्र 1 अक्टूबर 2023 को लिखा जा चुका है।

### राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन संपन्न

**राजनगर।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल के निर्देशानुसार 27 दिसंबर को शासकीय महाविद्यालय राजनगर जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश में परंपरागत शिक्षण में व्यावसायिक शिक्षा का समेकन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉ. रामकिंकर पांडे प्राचार्य शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी जिला एम.सी.बी. छत्तीसगढ़, कार्यक्रम के वक्ता डॉ.जे. के संत, प्राचार्य शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश, सहवक्ता डां. रामकिशोर भगत सहा.प्रा. (हिंदी) के एम.टी. शासकीय कन्या महाविद्यालय रायगढ़ छत्तीसगढ़, विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.डी.पी शार्मे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ की उपस्थिति हमारे लिए अति सार्थक रही। कार्यक्रम के समन्वय डॉ.हीरा सिंह गोड़, संयोजक डॉ. पूनम बैस एवं समस्त महाविद्यालय राजनगर स्टाफ का योगदान प्रशंसनीय रहा। शासकीय महाविद्यालय राजनगर कि प्राचार्य/ संरक्षक डॉ.माया पारस के दिशा निर्देशन में इस मुख्य विषय पर वेबीनार का आयोजन युवा वर्ग बेरोजगार तथा अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण रहा। समस्त वक्ताओ के व्याख्यान से विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।

### ग्रामीणों के घर को निशाना बना रहा हाथी

**अनूपपुर।** विगत 12 दिनों पूर्व जिले में छत्तीसगढ़ राज्य को सीमा लागते हुए फिर से एक दो दांत वाला नर हाथी पहुंचकर निरंतर विचरण कर रहा है। यह हाथी विगत दो दिनों के मध्य दिन में जंगल में विश्राम करने बाद शाम-रात को जंगल के किनारे एवं पास मे स्थित ग्रामीण अंचल गोबरी, टेंगरहा, कछराटोला, पगना, बेलिया, बांका ग्राम कांसा के टिकरीटोला, तिरंगाटोला आदि मे विचरण करते हुए ग्रामीण के घरों, खेतों एवं खलिहानों में रखे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बना रहे हैं।